संख्याःई.डी.एन.एच(4)(प्रा.)1 / 2019(अवार्ड)
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय,हिमाचल प्रदेश ।
दिनांकः शिमला– 171001, ,2019

सेवा में

समस्त उप निदेशक(उच्च शिक्षा / प्रारम्भिक शिक्षा)
हिमाचल प्रदेश ।

विषय: वर्ष 2019 के राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार बारे ।

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय (हि.प्र.)
19 JUN 2019
शिमला–1

महोदय,

जैसा कि आप को विदित ही है कि राज्य सरकार प्रतिवर्ष 5. सितम्बर को शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर प्रतिभाशाली अध्यापकों को राज्य पुरस्कार से सम्मानित करती है । इस सन्दर्भ में आप को सूचित किया जाता है कि गत वर्ष की भान्ति उच्चतर /प्रारम्भिक शिक्षा से सम्बन्धित सरकारी पाठशालाओं में कार्यरत सभी वर्गो. के पात्र अध्यापक राज्य स्तरीय पुरस्कारों के आवेदन दिनांक 30.7.2019 तक Off Line सम्बन्धित उप शिक्षा निदेशकों को कर सकते है । इस सन्दर्भ में आप कों सूचित किया जाता है कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी उच्च/प्रारम्भिक शिक्षा से सम्बन्धित सभी वर्गो के पात्र अध्यापकों के राज्य स्तरीय पुरस्कारों के मामलों का निपटारा जिला स्तर पर गठित की गई कमेटी द्वारा किया जायेगा । जिला स्तर की कमेटी प्रत्येक श्रेणी के पात्र शिक्षकों के नाम नियमानुसार प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय स्तर पर गठित की गई कमेटी को 10.8.2019 तक प्रेषित करेंगे ताकि ऐसे मामलों पर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार समय पर वांछित कार्यवाही की जा सके । उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त मामलों पर विभाग द्वारा कोई भी विचार नहीं किया जायेगा । यह भी सुनिश्चित करें कि सम्बन्धित अध्यापक के विरूद्व किसी भी प्रकार का न्यायिक मामला/छानबीन लम्बित तो नहीं है, उसे अपने स्तर पर ही निरस्त करें । यदि इसमें किसी भी प्रकार की कमी पाई जाती है तो इसके लिए जिला स्तरीय कमेटी जिम्मेवार रहेगी ।

अतः आपको यह भी निर्देश दिए जाते है कि राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु मामले इस निदेशालय को नियमानुसार ही भेजे यदि मामले निर्धारित मापदण्डों के आधार पर न हो तो उन मामलों पर निदेशालय द्वारा कोई भी विचार नहीं किया जाएगा और उसके लिए जिला स्तरीय कमेटी जिम्मेवार रहेगी ।

निदेशक

पृष्ठांकन संख्याः शिक्षा-कांगड़ा-(ई॰7)-स्टेट अवार्ड/2019 3296 दिनांकः ~~02/07/2019~~ 5-7-2019
प्रतिलिपि;- समस्त खण्ड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी ज़िला कांगड़ा (हि॰प्र॰) को सूचनार्थ एवम आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

Send through Gmail on dt 6/7/2019 at 11:00 AM

उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा
कांगड़ा स्थित धर्मशाला